**फुटपाथ पर कब्जा** धनपुरी में पैदल यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें, फुटपाथ पर कब्जा, नालियों पर निर्माण

# लाखों की लागत से बना फुटपाथ अतिक्रमण की भेंट चढ़ा

**नवभारत, धनपुरी।** नगरपालिका धनपुरी द्वारा शहर में पैदल यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से नगर पालिका कार्यालय के सामने से कॉलेज मार्ग होते हुए जनपद कार्यालय तक फुटपाथ का निर्माण कराया गया था। लेकिन वर्तमान स्थिति इस योजना के मूल उद्देश्य के विपरीत नजर आ रही है। निर्माण के कुछ समय बाद ही फुटपाथ पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण ने इसकी उपयोगिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

फुटपाथ के कई हिस्सों पर दुकानदारों और अन्य लोगों द्वारा स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण कर लिया गया है। कहीं दुकानों का सामान फुटपाथ पर सजा दिया गया है तो कहीं नालियों के ऊपर निर्माण कर रास्ता संकरा कर दिया गया है। परिणामस्वरूप पैदल यात्रियों के लिए चलने की पर्याप्त जगह नहीं

बची है और उन्हें मजबूर होकर मुख्य सड़क पर उतरकर चलना पड़ रहा है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है, विशेषकर सुबह-शाम के व्यस्त समय में जब वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है।

### हटने के बाद फिर जमे अतिक्रमण

जबकि पूर्व नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर द्वारा फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण कार्यों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए फुटपाथ को अतिक्रमण को खाली कराया गया था लेकिन उसके स्थान उनके स्थानांतरण के बाद पुन: अतिक्रमणकारियों ने अपना अवैध कब्जा फुटपाथ पर कर लिया स्थिति का दूसरा गंभीर पहलू नालियों पर किए गए निर्माण हैं। कई स्थानों पर नालियों के ऊपर स्थायी और अस्थायी ढांचे खड़े कर दिए गए हैं, जिससे नियमित सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है।

### नहीं हो रही नालियों की सफाई

बरसात के मौसम में यदि नालियों की सफाई समय पर नहीं हो पाती तो जल निकासी व्यवस्था बाधित होने की पूरी संभावना है। इससे सड़क पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसका असर आम नागरिकों के साथ-साथ आसपास के व्यापारियों पर भी पड़ेगा।

### फुटपाथ से कब्जे हटाने की मांग

लोगो का भी मानना है कि सार्वजनिक सुविधाओं का संरक्षण उतना ही आवश्यक है जितना उनका निर्माण। यदि फुटपाथों और नालियों पर अवैध कब्जे समय रहते नहीं हटाए गए तो नगर पालिका को भविष्य में मरम्मत, सफाई और जल निकासी व्यवस्था सुधारने पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ सकता है। इससे सरकारी धन का अनावश्यक व्यय भी बढ़ेगा।

### कार्रवाई के बाद रखी जाए निगरानी

शहरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि पूरे फुटपाथ का संयुक्त निरीक्षण कराया जाए और जहां-जहां अतिक्रमण है, वहां नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल हटाया जाए। साथ ही भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए नियमित निगरानी, अभियान और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अब निगाहें नगर पालिका धनपुरी की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि प्रशासन समय रहते प्रभावी कदम उठाता है तो लाखों रुपये की लागत से निर्मित यह फुटपाथ अपने वास्तविक उद्देश्य को पूरा कर सकेगा।

# ओपीडी पर्ची काउंटर बना वाहन स्टैण्ड, मरीज परेशान

**पार्किंग की व्यवस्था होने के बावजूद ओपीडी के पास खड़े किए जा रहे वाहन आने-जाने में हो रही दिक्कत**

**नवभारत, ब्यौहारी।** स्व. लवकेश सिंह स्मृति सिविल अस्पताल ब्यौहारी में ओपीडी की पर्ची काटने वाले काउंटर के आसपास बेतरतीब तरीके से मोटरसाइकिलें खड़ी किए जाने से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि अस्पताल परिसर में पार्किंग की व्यवस्था होने के बावजूद लोग ओपीडी पर्ची काउंटर के पास ही अपने वाहन खड़े कर रहे हैं, जिससे मरीजों के आने-जाने का रास्ता संकरा हो जाता है।

### महिला, बुजुर्ग, बच्चे परेशान

ओपीडी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। पर्ची काउंटर के आसपास वाहनों के खड़े रहने से यहां भीड़ की स्थिति बन जाती है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और अस्वस्थ मरीजों को उठानी पड़ रही



है। कई बार मरीजों और उनके परिजनों को वाहनों के बीच से होकर निकलना पड़ता है।

### आपात स्थिति में रास्ता हो रहा बाधित

मरीजों का कहना है कि जब अस्पताल परिसर में वाहनों की पार्किंग के लिए व्यवस्था मौजूद है, तो इसके बावजूद ओपीडी काउंटर के पास वाहन खड़े किए जाना अस्पताल प्रबंधन की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। इससे न केवल मरीजों को आवागमन में परेशानी होती है, बल्कि आपात स्थिति में रास्ता बाधित होने की आशंका भी बनी रहती है।

### पार्किंग में वाहन खड़े कराने की मांग

मरीजों एवं उनके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की है कि ओपीडी पर्ची काउंटर के आसपास वाहनों को खड़ा करने पर सख्ती से रोक लगाई जाए तथा पार्किंग की निर्धारित जगह पर ही वाहन खड़े कराए जाएं। साथ ही मरीजों के आवागमन वाले रास्ते को पूरी तरह खाली रखा जाए, ताकि स्व. लवकेश सिंह स्मृति सिविल अस्पताल ब्यौहारी में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**एक नजर में**

### हत्या के 5 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**नवभारत, बुढार।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल के न्यायालय द्वारा सोमवार को आरोपी गण लाला उर्फ मड्डा बैगा, अंजू उर्फ़ अंजली दिवेदी, प्रियंका मिश्रा, अलका उर्फ शैल्जा, आभा दुवेदी को मृतक जोगिंदर सिंह की हत्या में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया गया।

आरोपियों ने हथियार लाठी, डंडों, हाकी से वार्ड न. 15 टिकुरी टोला बुढ़ार कुसमी कोल के घर के पास आहत जोगिंदर सिंह की मारपीट कर हत्या की थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी गणों को गिरफ्तार कर न्यालय में विवेचनापूर्ण होने पर अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय ने सभी अभियोजन साक्षियों का परीक्षण किया एवं डॉक्टर एवं न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट एवं साक्षियों के कथनों को विश्वास मानते हुये आरोपीगणों को मृतक जोगिंदर सिंह की हत्या करने का दोषी माना। अभियोजन अभियुक्तों के विरुद्ध युक्तियुक्त संदेह से यह प्रमाणित करने में सफल रहा कि अभीयुक्त गणों ने मृतक की हत्या की है। इस पर न्यायालय ने अभियुक्त गणों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया। मामले की विवेचना थाना प्रभारी संजय जायसवाल एवं उमाशंकर चतुर्वेदी उपनिरीछक द्वारा किया गया अभियोजन की ओर से पैरवी आलोक लोक अभियोजक आलोक राय, एवं अशोक सिसोदिया ने की।

# सामान्य ज्ञान की परीक्षा में 6 सौ से अधिक छात्र हुए शामिल

**नवभारत, शहडोल।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा शहडोल द्वारा भारत को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन नगर के विभिन्न विद्यालयों में किया गया। परिषद के केंद्रीय कार्यालय की योजना के अनुसार विद्यार्थियों में राष्ट्रीय गौरव की चेतना को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्गों के विद्यार्थियों के मध्य यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए परिषद की सचिव नीति सिंगल ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान विद्यार्थियों को भारत को जानो

नामक पुस्तक उपलब्ध कराई गई थी, जिसमें भारत की उपलब्धियां और गौरव पूर्ण गाथा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं धार्मिक कथाओं का संकलन किया गया है।

### 12 विद्यालयों के छात्रों ने कराया पंजीयन

इस वर्ष यह आयोजन अखिल भारत स्तर पर एक ही दिन में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में नगर के कुल 12 विद्यालयों के 755 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता के लिए पंजीयन कराया, जिसमें से 620 विद्यार्थियों ने शामिल होकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया।

# भरभराकर गिरा कच्चा मकान, मलबे में दबा परिवार

**हादसे में 6 बकरियों की मौत, सुबह 5 बजे हुआ हादसा**

**नवभारत, शहडोल।** जनपद पंचायत बुढार अंतर्गत ग्राम पंचायत नगपुरा के कांदा टोला में सोमवार सुबह करीब 5 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब दादू लाल बैगा का कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के वक्त परिवार के लोग मकान के दूसरे कमरे में सो रहे थे। अचानक मकान का हिस्सा गिरने से पति-पत्नी और उनका मासूम बच्चा मलबे में दब गए।

हादसे में मकान के एक हिस्से में बंधी छह बकरियों की दबने से मौत हो गई। मकान गिरने की तेज आवाज

सुनकर आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिना देर किए अन्य लोगों को बुलाया और ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव को घटना की सूचना दी।

### मलबे में दबे पति, पत्नी और बच्चे

सूचना मिलते ही सरपंच और सचिव जयप्रकाश नापित मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया और मलबे में दबे पति-पत्नी तथा बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद तीनों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

### गरीब परिवारों के सुरक्षित आवास पर सवाल

इस घटना ने एक बार फिर कच्चे और जर्जर मकानों में रहने वाले गरीब परिवारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं में किसी की जान न जाए।

### समय पर पहुंचने से बची जान

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों की तत्परता और पंचायत प्रतिनिधियों के समय पर पहुंचने से मलबे में दबे परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। हालांकि, छह बकरियों की मौत से परिवार को आर्थिक नुकसान भी हुआ है।

# दोहरे हत्याकांड में सचिन और चंद्रशेखर को आजीवन कारावास

**दो युवकों की हत्या से दहल उठा था शहडोल**

**नवभारत, शहडोल।** शहर के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी सचिन और चंद्रशेखर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। करीब तीन साल पहले 13 नवंबर 2023 को चांदनी चौक रेलवे कॉलोनी में हुई दो युवकों की हत्या ने पूरे शहडोल को झकझोर दिया था। अब न्यायालय के फैसले के साथ इस सनसनीखेज हत्याकांड में दोषियों को उम्रकैद की सजा मिली है। 13 नवंबर 2023 को

दीपावली के माहौल के बीच शहडोल शहर में उस समय सनसनी फैल गई थी, जब चांदनी चौक रेलवे कॉलोनी में रिजवान कुरैशी और सीनू लक्ष्मण पर हमला कर उनकी हत्या कर दी गई। घटना के पीछे जुए के लेन-देन को लेकर विवाद सामने आया था। विवाद बढ़ने के बाद दोनों युवकों पर चाकू और गुप्ती से ताबड़तोड़ वार किए गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी।

### तीन साल बाद फिर सुर्खियों में आया मामला

13 नवंबर 2023 की रात चांदनी चौक रेलवे कॉलोनी में हुई दोहरी हत्या लंबे समय तक शहर में चर्चा का विषय बनी रही। अब अदालत के फैसले के बाद एक बार फिर यह मामला सुर्खियों में है। दो हत्याओं से शुरू हुई वह खौफनाक कहानी अब उम्रकैद की सजा पर पहुंची है।

### अदालत के फैसले से मिला न्याय

दोहरे हत्याकांड में आया यह फैसला न केवल पीड़ित परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि शहर में हुई उस सनसनीखेज वारदात की न्यायिक परिणति भी है, जिसने नवंबर 2023 में शहडोल को हिलाकर रख दिया था।

# समाज सेवा का संकल्प लेकर आगे बढ़े विद्यार्थी : शरद कोल

**नवभारत, ब्यौहारी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2026-27 का सत्रारंभ रविवार को पंडित रामकिशोर शुक्ला शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी में हुआ। विधायक कोल ने कहा कि सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाने का कार्य कर रहा है।

### अपने दायित्व समझे विद्यार्थी

उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्वों को समझते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके तिवारी ने कहा कि इस पाठ्यक्रम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के अनेक विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं।

### नशामुक्ति की ली शपथ

कार्यक्रम में परामर्शदाताओं ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, प्रोजेक्ट कार्य और फील्ड वर्क की जानकारी दी। इस दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। विधायक ने विद्यार्थियों को शिक्षा और नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई।

# उज्बेकिस्तान जाएंगी सांसद हिमाद्री सिंह

**नवभारत, शहडोल।** शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए सितंबर का पहला सप्ताह खास होने जा रहा है। शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह भारत-उज्बेकिस्तान संसदीय मैत्री को मजबूत करने के उद्देश्य से 4 से 7 सितंबर तक चार दिवसीय उज्बेकिस्तान यात्रा पर रहेंगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित भारत-उज्बेकिस्तान संसदीय मैत्री समूह के तहत देश के तीन युवा सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में हिमाद्री

सिंह का चयन किया गया है। 543 सदस्यीय लोकसभा में केवल तीन युवा सांसदों को इस प्रतिनिधिमंडल के लिए चुना जाना शहडोल के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### शहडोल की आवाज पहुंचेगी अंतरराष्ट्रीय मंच तक

आदिवासी अंचल शहडोल से लोकसभा तक पहुंची हिमाद्री सिंह का उज्बेकिस्तान प्रतिनिधिमंडल में चयन क्षेत्रीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सांसद के रूप में उनकी भूमिका अब केवल संसदीय क्षेत्र तक सीमित न रहकर अंतरराष्ट्रीय संसदीय संवाद तक पहुंच रही है। उनके चयन से शहडोल संसदीय क्षेत्र के साथ मध्यप्रदेश का भी प्रतिनिधित्व वैश्विक मंच पर होगा।

### वेंकटनगर को भी मिली बड़ी सौगात

वेंकटनगर रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल में बंद हुई बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस (18233-18234) के ठहराव को पुन: बहाल करने की मांग को लेकर सांसद हिमाद्री सिंह ने रेल मंत्रालय और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के समक्ष लगातार पैरवी की। इसके बाद ट्रेन के ठहराव को पुन: मंजूरी मिल गई है। 5 सितंबर को वेंकटनगर रेलवे स्टेशन पर नर्मदा एक्सप्रेस के पुन: ठहराव का शुभारंभ स्थानीय ग्रामीणों, व्यापारियों, भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जाएगा।

# बदहाल सड़क, बिजली और पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

**खमरिया पंचायत में विकास के दावे बेअसर**

**नवभारत, खमरिया।** अनूपपुर जिले की ग्राम पंचायत खमरिया में सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। बरसात शुरू होते ही गांव की सड़कों की हालत और बदतर हो गई है। कीचड़ और गड्ढों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बच्चों, बुजुर्गों और रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले ग्रामीणों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्याओं को लेकर कई बार पंचायत में शिकायत की गई, लेकिन इसके बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### समाधान के नाम पर केवल आश्वासन

अवधेश यादव, रामजी सिंह और विनोद साकेत सहित ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में लंबे समय से समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन मिल रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि लगातार तीन पंचवर्षीय से एक ही परिवार का पंचायत अध्यक्ष पद पर दबदबा बना हुआ है, फिर भी गांव की बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सका। पंचायत अध्यक्ष पर कथित निष्क्रियता और भेदभावपूर्ण रवैये के आरोप भी लगाए गए हैं। हालांकि इन आरोपों पर पंचायत अध्यक्ष का पक्ष सामने नहीं आया है।

### कागजों पर नहीं हकीकत में हो विकास

ग्रामीणों ने प्रशासन से पंचायत की कार्यप्रणाली की जांच कराने तथा सड़क, बिजली और पानी की समस्याओं का शीघ्र स्थायी समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें कागजों पर नहीं, जमीन पर विकास चाहिए।

**संयुक्त कार्रवाई** रेत-कोयले के अवैध उत्खनन व परिवहन वाले इलाकों में होगी नियमित पेट्रोलिंग

# अवैध खनन पर कसेगा शिकंजा, टीम करेगी कार्रवाई

**नवभारत, शहडोल।** जिले में रेत और कोयले के अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए अब प्रशासन, पुलिस, राजस्व, वन और खनिज विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे। कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने खनिज विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन वाले क्षेत्रों में सूचना तंत्र मजबूत करने के साथ नियमित पेट्रोलिंग और औचक जांच की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों और मार्गों से खनिज का अवैध परिवहन होने की शिकायतें मिलती हैं, वहां संबंधित एसडीएम के मार्गदर्शन में लगातार कार्रवाई की जाए। रेत उत्खनन के लिए शासन द्वारा चिन्हित स्थलों की भी नियमित जांच हो और यह सुनिश्चित किया जाए कि स्वीकृत क्षेत्र के बाहर खनन न हो।

### फर्जी नंबर वाले वाहनों पर होगी कार्रवाई

बैठक में कलेक्टर ने ई-नाका से बिना नंबर और फर्जी नंबर वाले वाहनों की सूची प्राप्त कर जिला परिवहन अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ऐसे वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस, खनिज, वन और राजस्व अधिकारियों के साथ परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से औचक जांच अभियान चलाने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। ऐसे मामलों में संबंधित एसडीएम पब्लिक न्यूसेंस के तहत प्रकरण दर्ज कराकर वाहन मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### 13 वाहन जब्त, लोकेशन लेकर होगी कार्रवाई

जिला खनिज अधिकारी ने बैठक में बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन के मामलों में अब तक 13 वाहन जब्त किए गए हैं। कलेक्टर ने जब्त वाहनों की लोकेशन की जानकारी लेकर परिवहन अधिकारी को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के लिए आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। जिला स्तर से भी पेट्रोलिंग की जाएगी।

### बुढ़ार की अवैध कोयला खदानों पर भी कार्रवाई

बैठक में कलेक्टर ने बुढ़ार जनपद क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कोयला खदानों को बंद कराने के लिए भी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# संत रविदास के संदेश का प्रसार करने निकली कलश यात्रा

**नवभारत, चुहिरी।** संत शिरोमणि रविदास जी के समरसता, समानता, भाईचारे एवं सामाजिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान चुहिरी मंडल सहित बरेली ज्वालामुखी मंदिर, रामपुर झिरिया और मोहतरा हनुमान मंदिर क्षेत्रों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

कलश यात्रा में लोगों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा के दौरान संत रविदास जी के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। चारों स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी से वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण नजर आया।

### ये रहे उपस्थित

चुहिरी मंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव तिवारी, वरिष्ठ नेता योगेश मिश्रा, महामंत्री नरेंद्र तिवारी, अजय साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष संजय प्रजापति, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष मोहन केवट, प्रशांत शुक्ला, विकास गुप्ता, प्रदीप शक्ति, प्रशांत पाण्डेय, विकास मिश्रा शिवम जायसवाल, सतेंद्र तिवारी धनपत मिश्रा भैया लाल मिश्रा राजीव जायसवाल, कामता प्रजापति, गोपाल सिंह एवं नारायण यादव सहित शिक्षक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### भाईचारे का दिया संदेश

कलश यात्रा के दौरान चुहिरी से बरेली ज्वालामुखी मंदिर तक तथा रामपुर झिरिया से मोहतरा हनुमान मंदिर तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। मार्ग में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामाजिक एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया।